# बाबरी ढांचा फिर नहीं बनेगा

## दरियाबाद में हुई जनसभा में बोले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**बाराबंकी, 10 फरवरी. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कयामत की कामना करने वालों को अब समझ लेना चाहिए कि न तो कोई कयामत आने वाली है और न ही बाबरी ढांचे का निर्माण फिर कभी होगा.**



उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि देश में रहना है तो कायदे से रहना सीखना होगा, क्योंकि कानून का पालन करने वाला ही लाभ में रहता है और कानून तोड़ने वालों के लिए कोई स्थान नहीं है. मुख्यमंत्री मंगलवार को दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के दुल्हदेपुर स्थित बाबा हरिशंकर दास की कुटी पर आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार रुकने वाली नहीं है. यह सरकार जितना बोलती है, उतना ही करती है और उतना ही बोलती है जितना करने का संकल्प लेती है. जो लोग कयामत के दिन का सपना देख रहे हैं, वह दिन आने वाला नहीं है. बाबरी मस्जिद अब कभी नहीं बनेगी और सरकार विरासत को निरंतर सशक्त करती रहेगी. उन्होंने अयोध्या में राम मंदिर निर्माण का उल्लेख कर कहा कि 500 वर्षों बाद अयोध्या में गौरवपूर्ण क्षण आया. कई सरकारें आईं और गईं, अनेक राजा-महाराजा हुए, लेकिन राम मंदिर का निर्माण नहीं हो सका. योगी ने कहा देश वैभवशाली और विकसित बने, यही सरकार का लक्ष्य है. उन्होंने कहा कि हर संत देश के लिए है और धर्म भी देश के लिए है. धर्म और देश आत्मा और शरीर की तरह एक-दूसरे के पूरक हैं.

> आज यह कार्य संपन्न हुआ है. उन्होंने कहा, राम सबके हैं. मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग अवसरवादी रवैया अपनाते हुए संकट के समय राम को याद करते हैं और शेष समय उन्हें भूल जाते हैं. ऐसे लोगों को अब आत्मचिंतन करना चाहिए. उन्होंने कहा कि कयामत की प्रतीक्षा करने के बजाय हिंदुस्तान में कानून का पालन करना सीखें. कानून मानेंगे तो लाभ में रहेंगे, अन्यथा कानून तोड़ने वालों का भविष्य अंधकारमय होगा. उन्होंने कहा कि प्रत्येक भारतवासी का ध्येय एक भारत, श्रेष्ठ भारत होना चाहिए.

# भारत कहीं से भी तेल खरीदने को स्वतंत्र

## रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव का आरोप

**मॉस्को, 10 फरवरी. रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका पर आरोप लगाया है कि वह भारत जैसे देशों पर दबाव बना रहा है, जिससे वे रूस से सस्ता तेल न खरीदें.**

लावरोव ने कहा कि अमेरिका चाहता है कि दुनिया की ऊर्जा सप्लाई उसके कंट्रोल में रहे और देश मजबूर होकर महंगी अमेरिकी गैस खरीदें. उन्होंने यह बातें 9 फरवरी को डिप्लोमैटिक वर्कर्स डे के मौके पर कही. लावरोव ने कहा कि अमेरिका ने डॉलर को हथियार की तरह इस्तेमाल करना शुरू कर दिया है.रूस की विदेश में रखी संपत्तियों को फ्रीज कर दिया गया है और रूस के खिलाफ लगातार पाबंदियां लगाई जा रही हैं.उन्होंने कहा कि ट्रम्प सरकार यूक्रेन युद्ध खत्म करने की बात तो करती है,



लेकिन जो प्रतिबंध पहले लगाए गए थे, वे अब भी जारी हैं.रूस के मुताबिक, यूक्रेन पर सहमति बनने के बाद भी अमेरिका ने नए प्रतिबंध लगाता रहा.

रूसी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका भारत और दूसरे ब्रिक्स देशों पर दबाव डाल रहा है कि वे रूस से दूरी बनाएं.रूस की तेल कंपनियों लुकोइल और रोसनेफ्ट पर रोक लगाई गई है और रूस के व्यापार और निवेश को सीमित करने की कोशिश हो रही है.ये सब गलत और अनुचित तरीके हैं.

> उन्होंने कहा कि दुनिया अब तेजी से बदल रही है.पहले अमेरिका पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और पैसों के सिस्टम पर हावी था और डॉलर के जरिए अपनी ताकत दिखाता था, लेकिन अब उसकी पकड़ कमजोर हो रही है.वहीं चीन, भारत और ब्राजील जैसे देश तेजी से आगे बढ़ रहे हैं .अफ्रीका के देश भी अब सिर्फ कच्चा माल बेचने के बजाय अपने यहां इंडस्ट्री लगाना चाहते हैं.

## बंगलादेश में कल होंगे आम चुनाव

**ढाका.** बंगलादेश गुरुवार को होने वाले आम चुनावों के लिए पूरी तरह तैयार है, जिसमें 12.7 करोड़ से अधिक मतदाताओं के देश भर में 42,000 से अधिक मतदान केंद्रों पर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की उम्मीद है. एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. बंगलादेश चुनाव आयोग के वरिष्ठ सचिव अख्तर अहमद ने कहा कि चुनाव की सभी तैयारियां अब पूरी हो चुकी हैं. अधिकारी के अनुसार, 300 निर्वाचन क्षेत्रों में से 299 के लिए मतपत्र और अन्य सभी मतदान सामग्री पहले ही वितरित की जा चुकी है. उन्होंने बताया कि एक उम्मीदवार की मृत्यु के कारण एक निर्वाचन क्षेत्र में मतदान स्थगित कर दिया गया है, जो बाद में आयोजित किया जाएगा.

# वर्ल्ड डिफेंस शो में भारत का शक्ति प्रदर्शन

▸ इंडिया पवेलियन सऊदी अरब में बना आकर्षण का केंद्र




**रियाद, 10 फरवरी. सऊदी अरब की राजधानी रियाद में हुए 'वर्ल्ड डिफेंस शो 2026' में भारत ने अपनी स्वदेशी रक्षा ताकत का शानदार प्रदर्शन किया है. यहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 'वर्ल्ड डिफेंस शो 2026' आयोजित किया गया.**

इस कार्यक्रम में भारत का प्रतिनिधित्व विशेष प्रतिनिधिमंडल ने किया. रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने इस भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे थे. रक्षा राज्यमंत्री ने इस समारोह में हिस्सा लिया और पहली बार लगे इंडिया पवेलियन का उद्घाटन किया. इस पवेलियन में भारत की डिफेंस पीएसयू और निजी कंपनियों ने अपने स्वदेशी हथियार, तकनीक और रक्षा उपकरण प्रदर्शित किए, जिसने दुनिया भर के प्रतिनिधियों का ध्यान खींचा. रक्षा राज्य मंत्री ने सऊदी अरब की सऊदी मिलिट्री इंडस्ट्रीज और वहां के रक्षा मंत्रालय के स्टाल्स का भी दौरा किया. इस दौरान उन्होंने उनकी स्वदेशी रक्षा तकनीकों को करीब से देखा. संजय सेठ ने सऊदी अरब के रक्षा मामलों के सहायक मंत्री डॉ. खालिद बिन हुसैन अल-बियारी से मुलाकात की. दोनों देशों की सेनाओं के बीच सहयोग और तालमेल बढ़ाने पर विस्तार से चर्चा हुई. इसके अलावा, उन्होंने जनरल अथॉरिटी फॉर डिफेंस डेवलपमेंट के गवर्नर डॉ. फालेह बिन अब्दुल्ला अल-सुलेमान से भी मुलाकात की. रक्षा राज्यमंत्री ने यहां भारत को एक उभरते हुए वैश्विक रक्षा निर्यात केंद्र के तौर पर पेश किया.

# एक्टर रणवीर सिंह से मांगी करोड़ों रुपए की फिरौती

**नई दिल्ली, 10 फरवरी . रोहित शेट्टी के घर पर हुई गोलीबारी की घटना के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह को भी धमकी मिलने का मामला सामने आया है.**

बताया जा रहा है कि मंगलवार को रणवीर सिंह को सोशल मीडिया एप पर एक वॉयस नोट भेजा गया, जिसमें उनसे करोड़ों रुपये की मांग की गई है. गौरतलब है कि रणवीर सिंह अपनी पिछली फिल्म 'धुरंधर' के ऑल-टाइम हाइएस्ट ग्रॉसिंग इंडियन फिल्म बनने के बाद से ही लाइमलाइट में हैं. धमकी मिलने के बाद इस पूरे मामले की जानकारी मुंबई पुलिस को दी गई, जिसके बाद क्राइम ब्रांच ने जांच शुरू कर दी है.



पुलिस धमकी भरा वॉयस नोट भेजने वाले शख्स की पहचान और लोकेशन का पता लगाने की कोशिश कर रही है. हालांकि, अब तक रणवीर सिंह या उनकी टीम की ओर से कोई औपचारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है, लेकिन पुलिस मामले को गंभीरता से लेते हुए हर एंगल से जांच कर रही है. इसी बीच खबर ये भी सामने आ रही है कि अभिनेता के घर के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है.

# मुआवजा बिना पुल का नहीं होगा उद्घाटन

### राष्ट्रपति ट्रंप ने कनाडा को दी धमकी

**वॉशिंगटन, 10 फरवरी. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका और कनाडा को जोड़ने वाले एक पुल के उद्घाटन को तब तक रोकने की धमकी दी है, जब तक कि कनाडा को दी गयी प्रत्येक वस्तु के बदले अमेरिका को पूर्ण मुआवजा नहीं मिल जाता.**

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल पूरा होने पर अमेरिका के मिशिगन राज्य के दक्षिणी डेट्रॉइट और कनाडा के ओंटारियो राज्य के विंडसर शहर को जोड़ेगा। श्री ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा कि कनाडा के प्रांत ओंटारियो को अमेरिका के राज्य मिशिगन से जोड़ने वाला



गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल को तब तक नहीं खोला जाएगा, जब तक कि कनाडा अमेरिका के साथ उस निष्पक्षता और सम्मान के साथ व्यवहार नहीं करता, जिसके हम हकदार हैं। परियोजना की आधिकारिक वेबसाइट के अनुसार, इस पुल का वित्तपोषण कनाडाई सरकार कर रही है.

> ट्रंप गॉर्डी होवे अंतर्राष्ट्रीय पुल के उद्घाटन को कैसे रोक सकते हैं, यह स्पष्ट नहीं है, लेकिन उन्होंने संक्षिपत तौर पर इतना जरूर कहा कि इस पर बातचीत तुरंत शुरू होगी. डेट्रॉइट नदी पर बने इस पुल को औपचारिक परीक्षण और अनुमोदन के बाद वर्ष 2026 की शुरुआत में यातायात के लिए खोले जाने की उम्मीद है. पुल का निर्माण 2018 में आरंभ हुआ था, लेकिन यह परियोजना एक दशक से अधिक समय से दोनों देशों के बीच विवाद का विषय रही है. कनाडाई ब्रॉडकास्टिंग कॉर्पोरेशन के अनुसार, इसकी लागत लगभग 6.4 बिलियन कनाडाई डॉलर होने का अनुमान है.

## एक नजर में



### हिन्द महासागर में वेनेज़ुएला से जुड़ा तेल टैंकर

**वॉशिंगटन, 10 फरवरी.** अमेरिका के सैनिक हिन्द महासागर में वेनेज़ुएला से जुड़े एक तेल टैंकर का रात भर पीछा करने के बाद उस पर चढ़ गये। अमेरिका के युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ ने यह जानकारी दी. श्री हेगसेथ ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर लिखा, रात भर, अमेरिकी सैन्य बल ने बिना किसी घटना के, मुआयने के अधिकार के तहत समुद्री अवरोध को अंजाम दिया, एक्विला-2 पर चढ़ाई की. यह (जहाज़) भागा, और हमने उसका पीछा किया. उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका ने वेनेज़ुएला से आने-जाने वाले तेल के टैंकरों पर प्रतिबंध लगाया है और यह टैंकर उस प्रतिबंध का उल्लंघन कर रहा था. मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एक्विला-2 में लगभग सात लाख बैरल वेनेज़ुएला का कच्चा तेल था जो जनवरी की शुरुआत में वेनेज़ुएला जल क्षेत्र से निकला था.

### जापान में हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत

**टोक्यो, 10 फरवरी.** जापान के उत्तरी और उत्तर-पश्चिमी हिस्सों में भारी हिमपात के कारण 46 लोगों की मौत हो गई है और 604 लोग घायल हुए हैं। रूस की संवाद समिति स्पूतनिक के अनुसार, देश की अग्नि एवं आपदा प्रबंधन एजेंसी के आंकड़ों के विश्लेषण में यह जानकारी दी गयी है। घायलों में से लगभग एक-तिहाई (193 लोग) गंभीर रूप से घायल हैं। मौतों की सबसे अधिक संख्या निगाटा प्रान्त में दर्ज की गई, जहाँ 17 लोगों की जान चली गई। जापान में 20 जनवरी से जारी हिमपात की ताजा लहर आठ फरवरी को टोक्यो पहुंची। राजधानी में कई वर्षों में पहली बार बर्फ गिरी, जहां पांच सेंटीमीटर तक बर्फ का जमाव देखा गया.

### सुनेत्रा पवार ने संभाला उपमुख्यमंत्री का पदभार



**मुंबई, 10 फरवरी.** सुनेत्रा पवार ने मंगलवार को मुंबई स्थित मंत्रालय में महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री के रूप में आधिकारिक तौर पर पदभार ग्रहण किया. वह राज्य की पहली महिला उपमुख्यमंत्री बनी हैं. 28 जनवरी को विमान दुर्घटना में उनके पति एवं उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के निधन के बाद 31 जनवरी को उन्हें पद की शपथ

# एएसआई 15000 की रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** सीबीआई ने दिल्ली पुलिस के एएसआई को एक व्यक्ति से उसके भाई को जमानत दिलाने में मदद करने के बदले कथित तौर पर 15,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है. सीबीआई ने मंगलवार को बताया कि आरोपी ने कथित तौर पर धमकी दी थी कि यदि रिश्वत की राशि नहीं दी गई तो वह शिकायतकर्ता के भाई को अन्य मामलों में फंसा देगा. सीबीआई ने सात फरवरी को दिल्ली के पश्चिम विहार थाने में तैनात एएसआई ओम प्रकाश के खिलाफ मामला दर्ज किया था. आरोपी ने शुरू में जमानत मामले में मदद करने के लिए शिकायतकर्ता से 25,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी.

# सीबीएसई :12वीं की कॉपी ऑनस्क्रीन जांचेंगे

### अब पारदर्शी व तीव्र होगा मूल्यांकन

**नई दिल्ली, 10 फरवरी. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने 12वीं कक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएमएस) प्रणाली लागू करने का निर्णय लिया है.**

यह नई व्यवस्था अगले सत्र से बोर्ड परीक्षाओं में लागू होगी. बोर्ड की ओर से जारी सर्कुलर में बताया गया है कि 10वीं की कापियों का मूल्यांकन फिलहाल पारंपरिक भौतिक रूप में ही जारी रहेगा. 12वीं में डिजिटल जांच का उद्देश्य मूल्यांकन प्रक्रिया को तेज, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है.



विशेषज्ञ बताते हैं कि डिजिटल मूल्यांकन पारदर्शिता बढ़ाएगा और काम की गति तेज होगी, लेकिन शुरुआत में शिक्षकों को तकनीकी तालमेल बैठाने में समय लग सकता है. धुंधली इमेज, एप्लीकेशन एरर, इनपुट डिवाइस की खराबी और ऑन-स्क्रीन काम की नई आदत से परीक्षकों को शुरुआती कठिनाई हो सकती है. बोर्ड ने इसके लिए प्रशिक्षण और तकनीकी सहायता की व्यवस्था की है.

**ये होंगे फायदे**

- अंकों की गिनती (टोटलिंग) में गलती लगभग खत्म होगी.
- लाग-इन और लाग-आउट का समय स्वत: दर्ज होगा.
- उत्तर पुस्तिकाओं को विभिन्न स्थानों पर ले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी.
- व्यक्तिगत पक्षपात की संभावना घटेगी.
- अधिक शिक्षकों की भागीदारी से मूल्यांकन तेजी से पूरा होगा.

# देश की हवाई पट्टियों पर निगरानी मजबूत करने का दिया निर्देश

**नई दिल्ली, 10 फरवरी. नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने देश की विभिन्न हवाई पट्टियों पर सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निगरानी मजबूत करने का निर्देश दिया है.**

पिछले दिनों महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की बारामती हवाई पट्टी पर हुए विमान हादसे में मौत के मद्देनजर मंत्रालय द्वारा उठाया गया यह कदम महत्वपूर्ण है. श्री नायडू ने यहां मंगलवार को नागरिक उड्डयन सचिव समीर कुमार सिन्हा, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) में महानिदेशक फैज अहमद किदवई, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष



विपिन कुमार और मंत्रालय तथा डीजीसीए के अन्य अधिकारियों के साथ एक बैठक में यह निर्देश दिया. बैठक में देश की नियंत्रित और अनियंत्रित हवाई पट्टियों पर विमानों के परिचालन और सुरक्षा के बारे में चर्चा की गयी. श्री नायडू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर बताया कि बैठक का मुख्य फोकस इन हवाई पट्टियों पर नियामकीय निगरानी बढ़ाने पर रहा.

# ईडी ने धोखाधड़ी केस में बैंकों को 20.21 करोड़ की संपत्ति वापस की

**नई दिल्ली, 1 फरवरी. प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने स्टेट बैंक ऑफ पटियाला और कैथोलिक सीरियन बैंक को 2.21 करोड़ मूल्य की कुर्क की गई अचल संपत्तियां वापस कर दी हैं.**

ईडी के जालंधर जोनल कार्यालय ने मंगलवार को बताया कि ये संपत्तियां मेसर्स नेचर हाइट्स इंफ्रा लिमिटेड और उसके निदेशक नीरज थतई उर्फ नीरज अरोड़ा के खिलाफ निवेशकों से धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन जांच के मामले में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कुर्क की गई थीं. कुर्क की गई अचल संपत्तियों में पंजाब के फतेहगढ़ साहिब जिले में स्थित व्यावसायिक संपत्तियां शामिल हैं. इन संपत्तियों को अदालत ने वापस करने का आदेश दिया था. ईडी ने नीरज थतई उर्फ नीरज अरोड़ा, उनकी कंपनी नेचर हाइट्स इंफ्रा लिमिटेड और अन्य के खिलाफ निवेशकों से कथित धोखाधड़ी के लिए पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज कई प्राथमिकी के आधार पर पीएमएलए जांच शुरू की थी. जांच से पता चला कि नीरज अरोड़ा ने संपत्ति आवंटित करने के बहाने बड़ी संख्या में निर्दोष निवेशकों की गाढ़ी कमाई हड़प ली थी. यह पाया गया कि उसके द्वारा खरीदी गई संपत्तियां निवेशकों से एकत्र किए गए धन का उपयोग करके पंजीकृत की गई थीं, जबकि उन्हें न तो भूमि का आवंटन किया गया और न ही उनका पैसा वापस किया गया.

## आज का इतिहास

1613 – मुगल शासक जहांगीर ने ईस्ट इंडिया कंपनी को सूरत में कारखाना लगाने की अनुमति दी।

1847 – अमेरिका के महान आविष्कारक थॉमस एडिसन का जन्म। एडिसन के नाम पर अकेले एवं संयुक्त रूप से 1093 पेटेंट हैं, जो अपने आप में एक विश्व रिकार्ड है।

1933 – गांधी जी के साप्ताहिक प्रकाशन 'हरिजन' का पहला अंक पुणे से प्रकाशित।

1942– सेठ जमनालाल बजाज का निधन हुआ।

# 5वां राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव आयोजित

### वृक्ष द थिएटर ने राष्ट्रीय नाट्य स्कूल के सहयोग से हुआ कार्यक्रम

नई दिल्ली, 10 फरवरी. स्थित थिएटर समूह वृक्ष द थिएटर, जिसकी स्थापना 16 अगस्त 2015 को केरल क्लब में आर्ट फॉर ह्यूमैनिटी के उद्देश्य के साथ की गई थी, ने 5वां राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव- थेस्पिस सीजन 5 का सफल आयोजन रविवार को एलटीजी ऑडिटोरियम, कोपरनिकस मार्ग, नई दिल्ली में किया. यह महोत्सव भारत रंग महोत्सव 2026 के अंतर्गत राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के सहयोग से आयोजित किया गया. राष्ट्रीय माइक्रो ड्रामा महोत्सव की शुरुआत वर्ष 2017 में वृक्ष द थिएटर द्वारा की गई थी और इसे भारत का पहला विशिष्ट माइक्रो ड्रामा महोत्सव माना जाता है. इस महोत्सव का नाम इकारिया के थेस्पिस के नाम पर रखा गया है, जिन्हें थिएटर के इतिहास में पहला अभिनेता माना जाता है. इस महोत्सव का क्यूरेशन प्रख्यात रंगकर्मी एवं निर्देशक डॉ. अभिलाष पिल्लै द्वारा किया गया. महोत्सव के पाँचवें संस्करण में 31 माइक्रो ड्रामा प्रस्तुत किए गए, जिनमें से प्रत्येक की अधिकतम अवधि 10 मिनट थी. देश भर से आए 600 से अधिक कलाकारों और तकनीशियनों ने 12 भारतीय भाषाओं में प्रस्तुतियां दीं. महोत्सव का उद्घाटन प्रात:काल राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक श्री चित्तरंजन त्रिपाठी द्वारा किया गया.

> सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार कथाकार प्रोडक्शंस की माइक्रो ड्रामा वन्स ओपन ए टाइम इन लंका को प्रदान किया गया, जिसे रु.50,000 की नकद राशि दी गई. द्वितीय सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति पुरस्कार त्रिवेणी की वीरांगना 1971 को मिला, जिसके अंतर्गत 20,000 की नकद राशि प्रदान की गई. सर्वश्रेष्ठ निर्देशक पुरस्कार के लिए रॉबिन जोसेफ को प्रदान किया गया. सर्वश्रेष्ठ अभिनेता पुरस्कार संयुक्त रूप से साक्षी पाटिल और सौमित्र अवस्थी को रियलिटी ऑफ डूइंग की प्रस्तुति डु जोटान की कहानी के लिए दिया गया.

**योजना** | दिल्ली में 46 हजार बिटिया बनेंगी लखपति

# अब जन्म से ग्रेजुएशन तक मिलेंगे एक लाख

**नई दिल्ली, 10 फरवरी. बेटियों की शिक्षा और आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने के उद्देश्य से दिल्ली सरकार ने 'लखपति बिटिया योजना' शुरू करने का ऐलान किया है.**

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सरकार की पहली वर्षगांठ पर इस नई योजना की घोषणा करते हुए पुरानी 'लाडली योजना' को बंद करने की जानकारी दी. नई योजना के तहत जन्म से लेकर स्नातक की पढ़ाई पूरी करने तक अलग-अलग चरणों में कुल 56,000 की सहायता दी जाएगी, जो मैच्योरिटी पर 1 लाख बन



जाएगी. सरकार का लक्ष्य है कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियां पढ़ाई जारी रखें और कम उम्र में विवाह की प्रवृत्ति पर रोक लगे. योजना के जरिए शिक्षा को प्रोत्साहन और बेटियों को वित्तीय संबल देने की कोशिश की गई है. मुख्यमंत्री के अनुसार, 'लखपति बिटिया योजना' का लाभ केवल उन्हीं परिवारों को मिलेगा जिनकी सालाना आय 1.20 लाख या उससे कम है. एक परिवार की अधिकतम दो बेटियां ही इस योजना के दायरे में आएंगी. योजना के तहत जन्म, स्कूल में प्रवेश, माध्यमिक शिक्षा और स्नातक स्तर तक अलग-अलग किस्तों में सहायता दी जाएगी. कुल मिलाकर 56,000 की राशि चरणबद्ध तरीके से जमा होगी, जो पढ़ाई पूरी होने पर 1 लाख के रूप में दी जाएगी.

> योजना का एक महत्वपूर्ण प्रावधान यह है कि यदि बेटी स्नातक की पढ़ाई पूरी करने से पहले विवाह कर लेती है, तो उसे योजना का लाभ नहीं मिलेगा. इससे बेटियों की उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने का उद्देश्य स्पष्ट होता है. दिल्ली सरकार इस योजना पर लगभग 160 करोड़ खर्च करेगी. सरकार का मानना है कि इससे बेटियों की शिक्षा दर में सुधार होगा, ड्रॉपआउट कम होंगे और समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच मजबूत होगी.

# भारत और चीन ने संबंधों में सकारात्मक गति की समीक्षा

नई दिल्ली 10 फरवरी. भारत और चीन ने द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति की मंगलवार को यहां समीक्षा की तथा लोगों के बीच संपर्कों को बढ़ाने तथा संवेदनशील मुद्दों पर चिंताओं का समाधान करते हुए इन्हें मजबूत बनाने पर चर्चा की. विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यहां भारत-चीन रणनीतिक संवाद के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी. यह वार्ता विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री और चीन के कार्यकारी विदेश उप मंत्री मा झाओश्यू के बीच हुई. यह बातचीत भारत की अध्यक्षता में आयोजित पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक के इतर हुई. श्री मा झाओश्यू ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लेने के लिए भारत यात्रा पर हैं. प्रवक्ता के अनुसार दोनों पक्षों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय परिस्थितियों तथा बहुपक्षीय मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान किया. चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने भी अपनी पोस्ट में कहा कि चीनी मंत्री मा झाओश्यू ने पहली ब्रिक्स शेरपा बैठक में भाग लिया.

**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति के लिए) नियम 8-(1)**

चूंकि, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत IIFL होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इन्फोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से विख्यात) (IIFL-HFL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, कंपनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे उल्लिखित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ताओं को राशि चुकाने के लिए एक माँग नोटिस जारी किया गया था, अतः उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों की धारा 13(4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा ले लिया है। उधारकर्ता विशेष रूप से और आम जनता को एतद्वारा संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन न करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति से संबंधित कोई भी लेन-देन IIFL HFL के प्रभार के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज सहित लगाया जाएगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है। यदि उधारकर्ता बिक्री या हस्तांतरण के लिए निर्धारित तिथि से पहले किसी भी समय "IIFL HFL" के बकाया और सभी लागतों, प्रभारों और व्ययों का भुगतान कर देता है, तो सुरक्षित संपत्तियां नहीं बेची जाएंगी।

| उधारकर्ता का नाम /सह-उधारकर्ता | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) | कुल बकाया बकाया राशि (रु.) | मांग सूचना की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री विजय सिंह श्रीमती अनीता बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10792652) | पटवार हलखा संख्या 31/82, खसरा संख्या 34, ग्राम पिपरसारा, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश - 483222 - भारत। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपत्ति क्षेत्रः 900.00, 400.00, 593.00 | रू. 235039/- दो लाख पैंतीस हजार उनचालीस मात्र | 27-10-2025 | 07/02/2026 |
| श्री दुर्गेश लोखंडे श्री. भौरव श्रीमती राखी लोखंडे (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10770871) | खसरा क्रमांक 111, उमरिया, मध्य प्रदेश - 460551 - भारत क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति प्रकारः भूमिक्षेत्रफल, कालीन्क्षेत्रफल संपत्ति क्षेत्रफलः 2109.00, 774.00 | रू. 536906/- पॉच लाख छत्तीस हजार नौ सौ छह मात्र | 27-10-2025 | 07/02/2026 |
| श्री मनीराम चौधरी श्रीमती रंजो चौधरी (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10793604) | पटवारी हल्का नं. 81, खसरा नं. 365, ग्राम में स्थित टिकारिया, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश, 483222, भारत। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्र, कालीन क्षेत्रः 1500.00, 796.00 | रू. 279680/- दो लाख उन्यासी हजार छह सौ अस्सी मात्र | 27-10-2025 | 07/02/2026 |
| जुगल किशोर जी श्रीमती ओम बाई (प्रॉस्पेक्ट नं. IL10797941) | संपत्ति जिसका पीएच.एन. 81, खसरा संख्या 365 है, पताः ग्राम टिकारिया, तहसील सिहोरा, जिला जबलपुर, मध्य प्रदेश - 483222 - भारत। क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपत्ति का प्रकारः भूमि क्षेत्रफल, कालीन क्षेत्रफल। संपत्ति का क्षेत्रफलः 900.00, 748.00 | रू. 341683/- तीन लाख इकतालीस हजार छह सौ तिरासी मात्र | 27-10-2025 | 07/02/2026 |

अधिक जानकारी के लिए, शाखा कार्यालयः 225, नेपियर टाउन, दूसरी मंजिल, चंद्रिका टावर्स के सामने, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर -482001 या कॉर्पोरेट कार्यालयः प्लॉट नंबर 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुरुग्राम, हरियाणा में अधिकृत अधिकारी से संपर्क करें।

स्थानः जबलपुर
दिनांकः 11.02.2026

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी,
आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड के लिए।